ब्रह्माकुमारी संस्था ने मनाई संस्थापक ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि

माउंटआबू: विश्वव्यापी संगठन प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की पुण्य- तिथि विश्व शांती, मानवीय-एकता दिवस के रूप में परम्परागत रूप से श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय पाण्डव भवन में बाबा की समाधि स्थल शांति स्तम्भ पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दुनियाभर से आये, श्रद्धालुओं के जन सैलाब को संबोधित करते मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी ने कहा कि त्याग, तपस्या व साधना के बिना जीवन की सार्थकता सिद्ध नहीं होती है।

संस्था की सह-मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी ने बाबा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का आवाहन किया। उन्होंने ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का समूची मानवता की सेवा करने का संकल्प सार्थक हो रहा है।

ज्ञान सरोवर निदेशिका डॉ. निर्मला ने कहा कि आत्मिक भाव की साधना सर्वश्रेष्ठ साधना है। कार्यक्रम को खेल प्रभाग राष्ट्रीय संयोजिका शशि बहन, बृजमोहन आनंद, मीडिया प्रभाग अध्यक्ष बीके करूणा, समाजसेवा प्रभाग उपाध्यक्ष बीके अमीरचंद, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका शीलू बहन, शिक्षा प्रभाग उपाध्यक्ष बीके मृत्युंजय ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर बाबा के समाधि स्थल शांति स्तंभ पर सामूहिक रूप से राजयोग कर विश्वशांति, मानवीय एकता, देश की सुख समृद्धि की कामना की गई।